C M Y K


# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 208 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार,19 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4




आस्था की डुबकी, सूर्य की लालिमा और उड़ते पंछी मोनी अमावस्या पर कोटड़ी चारभुजा नाथ तालाब का अलौकिक दृश्य।

## अनोखी श्रद्धाः आसींद के धनराज सोनी ने बनाया भगवान सांवरिया सेठ का 'चांदी का आधार कार्ड'

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

राजस्थान की भक्ति और कला की धरती से अक्सर श्रद्धा के अनोखे रंग देखने को मिलते हैं। हाल ही में आसींद के रहने वाले स्वर्ण कलाकार आसींद निवासी धनराज सोनी पिता देबीलाल सोनी ने अपनी कला और भक्ति का बेजोड़ नमूना पेश करते हुए मेवाड़ के प्रसिद्ध ठाकुर जी श्री सांवरिया सेठ के लिए चांदी का एक विशेष 'आधार कार्ड' तैयार किया है। यह कार्ड पूरी तरह से शुद्ध चांदी से बना है, जिस पर बारीक नक्काशी की गई है।

इस कार्ड को बिल्कुल भारत सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले आधार कार्ड की तर्ज पर बनाया गया है। इसमें भारत का राजचिह्न (अशोक स्तंभ) और सांवरिया सेठ की मनमोहक तस्वीर भी अंकित है।

कार्ड पर सांवरिया सेठ का नाम, लिंग (पुरुष) और उनकी जन्म तिथि के रूप में 'भाद्रपद कृष्ण अष्टमी 3112 ईसा पूर्व' (श्रीकृष्ण जन्माष्टमी) को दर्शाया गया है।









कार्ड के नीचे एक प्रेरक संदेश भी लिखा गया है , जिसमे मेरे सरकार मेरी पहचान ,जो भक्त की अपने आराध्य के प्रति अटूट आस्था को दर्शाता है।

## कटारिया खेड़ा में मंदिर के दानपात्र पर चोरों का धावा, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

**विक्रम सिंह** थाना क्षेत्र के कटारिया खेड़ा गांव में चोरों ने धार्मिक स्थल को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया । गांव स्थित सगस जी के स्थान पर रखा दानपात्र अज्ञात चोरों द्वारा तोड़ दिया गया , घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं । जानकारी के अनुसार मंदिर का दानपात्र नवरात्र से नवरात्र में ही खोला जाता है रविवार सुबह जब पुजारी पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो दानपात्र टूटा हुआ मिला दानपात्र से नकदी चोरी होने की आशंका जताई जा रही है । ग्रामीण रतन लाल गुर्जर ने बताया कि हर



नवरात्र से नवरात्र में दान पात्र खोलने पर लगभग पचास हजार की राशि निकलती है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है , फिलहाल काछोला पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ व जांच की जा रही है।

## कुख्यात हिस्ट्रीशीटर आदिल मिर्जा का आलीशान आशियाना जमींदोज

### सरकारी बावड़ी भूमि पर अतिक्रमण का अंत, ड्रोन से निगरानी,भारी पुलिस जाप्ता तैनात

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

**गर्वित** अपराध और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सांगोद में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कुख्यात हिस्ट्रीशीटर आदिल मिर्जा के खिलाफ बुलडोजर एक्शन शुरू करते हुए नगर पालिका क्षेत्र के अमृतखेड़ी गांव में स्थित उसके आलीशान मकानों को ध्वस्त किया गया है। यह मकान बावड़ी श्रेणी की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनाए गए थे।

नगर पालिका द्वारा 10 जनवरी को अतिक्रमण हटाने का नोटिस चस्पा किया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बावजूद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद प्रशासन ने बिना किसी ढील के सीधी कार्रवाई का फैसला लिया। बताया गया कि आदिल मिर्जा द्वारा एक ही इलाके में पास-पास दो मकान अवैध रूप से बनाए गए थे, जिन्हें अब जमींदोज किया जा रहा है।

कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस जाप्ता तैनात रहा। मौके पर एसडीएम, तहसीलदार, नगर पालिका अधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई, वहीं आसपास के मकानों की छतों पर भी पुलिस जवानों को तैनात किया गया। नगर पालिका का बुलडोजर और जेसीबी मशीनें लगातार मकानों को तोड़ने की कार्रवाई में जुटी रहीं।

गौरतलब है कि 9 जनवरी की रात कोटा शहर पुलिस आदिल मिर्जा को पकड़ने उसके गांव पहुंची थी। इस दौरान आदिल ने पुलिस पर फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गया।



इसके बाद 11 जनवरी को कोटा ग्रामीण पुलिस ने मोड़क थाना क्षेत्र में अमरूदों के बाग से उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के समय भी आदिल ने पुलिस पर पांच राउंड फायरिंग की, जिसमें मोड़क थाने का कॉन्स्टेबल चमन गुर्जर बाल-बाल बच गया।

इस कार्रवाई में आदिल मिर्जा के साथ उसके तीन अन्य साथी भी गिरफ्तार किए गए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन देसी कट्टे, एक पिस्टल, 16 जिंदा कारतूस और एक चाकू बरामद किया।

प्रशासन का कहना है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों और अपराध में लिप्त तत्वों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## गुटखा व्यापारी से स्कूटी सहित चार लाख की डकैती का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कोतवाली थाना पुलिस को डकैती के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुटखा व्यापारी से स्कूटी सहित करीब चार लाख रुपये की डकैती के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ व बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम का द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की बीती 13 जनवरी को नारायण दास पुत्र भगवान दास सिंधी, निवासी शास्त्री नगर रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया कि 12 जनवरी की रात करीब 10:40 बजे वह दुकान से घर लौट रहा था। जैसे ही वह घर के सामने पहुंचा, तभी 4-5 युवकों ने उस पर हमला कर स्कूटी की डिक्की में रखे लगभग चार लाख रुपये छीन लिए तथा उसकी स्कूटी भी लूटकर फरार हो गए। आरोपियों ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था और वे दो मोटरसाइकिलों पर सवार थे। उनकी उम्र करीब 20 से 25 वर्ष बताई गई।पुलिस ने मामले में अनुसंधान शुरू किया।

घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस



टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का गहनता से अवलोकन किया तथा तकनीकी साक्ष्यों और सूचनाओं के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। पुलिस ने काना उर्फ कन्हैया लाल पुत्र लक्ष्मीनारायण कुम्हार, विक्रम उर्फ विक्की पुत्र बाबूलाल दरोगा, राजू पुत्र प्रभूलाल नायक एवं किशन पुत्र रतन लाल रेगर को डिटेन कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने गुटखा व्यापारी के साथ डकैती की वारदात को स्वीकार कर लिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पहले गुटखा व्यापारी की रेकी की, फिर मोटरसाइकिलों से उसका पीछा कर रास्ते में रोककर स्कूटी सहित स्कूटी की डिक्की में रखे चार लाख रुपये लूट लिए और फरार हो गए। पुलिस द्वारा मामले में आगे की जांच की जा रही है।


## शाहपुरा क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती का खुलासा, 2300 पौधे जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**(किशन)** अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बंजारों का खेड़ा सरहद तस्वारिया खुर्द में सरसों व चने की फसल की आड़ में की जा रही अवैध अफीम की खेती का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से 2300 अफीम के हरे पौधे जब्त किए हैं।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी सुरेशचंद के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया को 17 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि गोमा पिता सोजी बंजारा, निवासी बंजारों का खेड़ा, ने अपने खेत में सरसों व चने की फसल के बीच अवैध रूप से अफीम के पौधे उगा रखे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां खेत के किनारों पर चार फीट चौड़ाई में अफीम के छोटे-बड़े पौधे लगे मिले, जिनमें कुछ पर डोडे



भी पाए गए।

मौके पर पटवारी आशाराम मीणा द्वारा प्रस्तुत राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार उक्त भूमि सरकारी बीड़ बिलानाम काबिल कास्त है, जिस पर आरोपी का कब्जा होना पाया गया। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत खेत में उगे 2300 अफीम पौधों को जड़ से उखाड़कर जब्त किया गया। इस संबंध में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया है।

C M Y K

# विराट हिन्दू सम्मेलन में दिखा सनातन एकता का महासंगम

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



**(किशन)।** पनोतिया मंडल के गांवों द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में सनातन एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का भव्य रूप देखने को मिला। डीजे, आकर्षक झांकियों और गूंजते जयघोषों के साथ निकली शोभायात्रा में हजारों सनातनियों ने अनुशासन और उत्साह के साथ भाग लिया। शोभायात्रा में डीयास, बड़ला, गेगवा, नई राज्यास, नाथडीयास सहित विभिन्न गांवों की झांकियां शामिल रहीं, जिनमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता जानकी, भगवान शिव एवं देवरिया बालाजी की सजीव झलक आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा के पश्चात धर्मसभा का आयोजन हुआ, जिसमें संत-महात्माओं व अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। धर्मसभा में वरिष्ठ संत संत निर्मल राम महाराज, संत रामचरण महाराज, डॉ. सत्यनारायण कुमावत तथा इंदिरा धूपिया उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता संत निर्मल राम महाराज ने सनातन धर्म को जीवन की मर्यादा, सेवा और समर्पण की परंपरा बताते हुए हिन्दू समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। डॉ. सत्यनारायण कुमावत ने सनातन परंपरा में समानता और योग्यता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जाति-वर्ग भेद मिटाकर एकजुट होने का संदेश दिया। इंदिरा धूपिया ने मातृशक्ति, संस्कारयुक्त शिक्षा और समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर जोर दिया।

# तेजाजी महाराज की मूर्ति पुनर्स्थापना को लेकर जाट समाज की बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



**(किशन)** जाट छात्रावास, कलिंजरी गेट शाहपुरा में वर्षों पूर्व स्थापित तेजाजी महाराज के स्थान पर नव-निर्मित भव्य स्थल पर मूर्तियों की पुनर्स्थापना को लेकर जाट समाज की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्व. बनालाल जी के भतीजे सत्यनारायण घसवा ने की।

जाट समाज ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट रामप्रसाद जाट ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि 27 जनवरी को जागरण कार्यक्रम होगा तथा 28 जनवरी को तेजाजी महाराज की मूर्तियों की पुनर्स्थापना की जाएगी। पुनर्स्थापना दिवस पर सवामनी परसादी का आयोजन भी तय किया गया और कार्यक्रम की जिम्मेदारियों का विभाजन किया गया।

बैठक में उपाध्यक्ष रामधन जाट, सह सचिव रतनलाल जाट, रामप्रसाद जाट, शांतिलाल जाट, भैरूलाल जाट, बेनाथ जाट एवं कालू जाट उपस्थित रहे।

# शिवपुरी में 1 फरवरी को होगा विराट हिंदू सम्मेलन, तैयारियां तेज

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



**(किशन)** शिवपुरी में कादीसहना मंडल की बैठक आयोजित कर आगामी विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से रामेश्वर दरोगा को सम्मेलन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। निर्णय लिया गया कि 1 फरवरी को शिवपुरी में भव्य विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और जागरूक समाज का निर्माण करना है। नवनियुक्त अध्यक्ष रामेश्वर दरोगा ने बताया कि कादीसहना मंडल के माध्यम से घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को सम्मेलन से जोड़ा जाएगा। बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## ग्रामीणों का आरोप - बजरी से भरा था ट्रैक्टर, अवैध परिवहन से बढ़ रहे हादसे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**(सांवर वैष्णव)।** बड़लियास थाना क्षेत्र के भाकलिया गांव में रविवार दोपहर को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अड़सीपुरा-जिला माफी रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार भाकलिया निवासी दिनेश कुमार पुत्र जमनालाल बेरवा (उम्र 22 वर्ष) दोपहर को खेत में फसल की पिलाई करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान भाकलिया गांव के पास एक तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दिनेश बाइक सहित दूर जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत घायल दिनेश को उठाकर भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय पहुंचाया। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे उदयपुर रेफर कर दिया, लेकिन उदयपुर ले जाते समय रास्ते में ही दिनेश ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर बड़लियास थाना से एएसआई गोपाललाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस ट्रैक्टर की तलाश कर रही है और यह भी जांच की जा रही है कि ट्रैक्टर बजरी से भरा हुआ था या नहीं। मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और मृतक के घर में कोहराम मच गया। वहीं ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव से होकर अवैध व लीज की बजरी से भरे ट्रैक्टर दिन-रात तेज रफ्तार से गुजरते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन पुलिस व प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# विश्वकर्मा जयंती की तैयारियों को लेकर जांगिड़ समाज की बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**

सिंगोली स्थित चारभुजा मंदिर सराय परिसर में विश्वकर्मा जांगिड़ समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जांगिड़ समाज सेवा समिति त्रिवेणी धाम श्री विश्वकर्मा जांगिड़ विकास कमेटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल जांगिड़ ने आगामी 31 जनवरी को मनाई जाने वाली विश्वकर्मा जयंती को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। कमेटी अध्यक्ष के निर्देशानुसार अध्यक्ष भंवर जांगिड़ के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन किया गया और विश्वकर्मा जयंती को भव्य एवं गरिमामयी रूप से मनाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में उपाध्यक्ष मोड़ूराम जांगिड़, सोहनलाल जांगिड़, सचिव मदनलाल जांगिड़, संगठन मंत्री गोपाललाल जांगिड़, महामंत्री देवकरण जांगिड़, कोषाध्यक्ष लादूलाल जांगिड़ सहित समाज के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संघ शताब्दी वर्ष पर बिजौलिया में विराट हिंदू सम्मेलन, कलश यात्रा व धर्मसभा ने रचा इतिहास

## जनसैलाब बना हिंदू एकता और सनातन चेतना का प्रतीक, नगर भगवामय हुआ


धर्मसभा में मौजूद विधायक खंडेलवाल एवं अन्य


धर्मसभा में शामिल लोग






पंडित महेंद्र भट्ट को हनुमान गदा भेंट कर सम्मानित करते हुए


भगवा रंग में राम , लक्ष्मण , भरत और शत्रुघ्न का रूप धारण कर शामिल हुए बच्चे

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**रमेश गुर्जर / कपिल श्याम विजय**

संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को नगर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन, भव्य कलश यात्रा एवं विशाल धर्मसभा ने ऐतिहासिक स्वरूप ले लिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, भगवा पताकाओं की लहर और जयघोषों के बीच पूरा नगर हिंदू एकता, आस्था और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब हिंदू समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रमाण बना।


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं

कार्यक्रम की शुरुआत चारभुजा नाथ चौक से भव्य जुलूस के साथ हुई। सिर पर कलश धारण किए सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा व चुनरी में शामिल हुईं, जबकि पुरुष श्वेत वस्त्र व भगवा परिधान में धर्मध्वज थामे चले। जुलूस पंचायत चौक, बड़ा दरवाजा, सब्जी मंडी मार्ग, तेजाजी का चौक व बूंदी रोड से होता हुआ थानेश्वर महादेव मंदिर के समीप स्थित धर्मसभा स्थल तक पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ। श्री वीर बजरंग अखाड़ा के प्रदर्शन ने विशेष आकर्षण पैदा किया।

धर्मसभा में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल की सहभागिता रही। भट्टों का बामणिया स्थित पंचमुखी दरबार से पधारे पंडित महेंद्र भट्ट ने समाज को संगठित रहने, संस्कृति की रक्षा और सनातन शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने जाति-पाति से ऊपर उठकर एकजुट होने का आह्वान किया। संघ के भगवान दास ने कहा कि हिंदू होना गर्व का विषय है और सनातन संस्कृति हमें पुण्य कर्मों से प्राप्त हुई है। उन्होंने ओज, ऊर्जा और राष्ट्रभाव से जुड़े रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति व भारतीय संस्कृति पर आधारित आकर्षक झांकियां एवं धर्मसभा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी । सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. डी. एस. मेहर ने की। उदयपुर से माकड़ा देव धाम के गुलाब दास महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक गोपाल खण्डेलवाल , पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल विश्नोई, निलेश सनाढ्य और रमेश गुर्जर द्वारा पंडित महेंद्र भट्ट का हनुमान जी की गदा भेंट कर सम्मान किया गया।

धर्मसभा स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। अध्यक्ष डॉ. मेहर ने बताया कि आयोजन समिति पिछले एक माह से तैयारियों में जुटी थी और घर-घर संपर्क किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता पर सभी कार्यकर्ताओं, नागरिकों व श्रद्धालुओं का आभार जताया।

# चोरी का माल खरीदने वाला गिरफ्तार करीब 20 लाख रुपये का चोरी का माल बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शम्भूगढ़ थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए न केवल मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया, बल्कि चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी को भी पकड़कर करीब 20 लाख रुपये मूल्य का चोरी का माल बरामद कर लिया है। साथ ही चोरी में मिले पैसों से खरीदे गए मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी ओमप्रकाश कासनिया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई । पुलिस ने बताया की बीती 1 जनवरी को जालमपुरा निवासी गोपाल लाल पुत्र कल्याण मल जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 दिसंबर को दिन में करीब 11 से 1 बजे के बीच, उसके खेत पर जाने के दौरान अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी से सोने-चांदी के आभूषण तथा 45 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। चोरी गए आभूषणों में सोने का नेकलेस, रकड़ी, रामनवमी के मादलिया, झूमरियां, झेला सहित अन्य सोने-चांदी के गहने शामिल थे।

घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम ने घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, बीटीएस का सूक्ष्म विश्लेषण किया और संदिग्धों से पूछताछ की। जांच के आधार पर पुलिस ने बिजयनगर थाना क्षेत्र के जालिया द्वितीय निवासी अभिषेक (22) और कैलाश (30) को दस्तयाब कर पूछताछ की, जिसमें दोनों ने जालमपुरा में चोरी करना स्वीकार किया। पूछताछ में सामने आया कि चोरी में मिले पैसों से आरोपियों ने मोबाइल फोन खरीदे थे, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया।आगे की जांच में आरोपियों ने खुलासा किया कि चोरी किए गए आभूषण उन्होंने नई राज्यास निवासी राजा राम पुत्र श्रवण शर्मा (19), थाना फुलियाकलां, जिला भीलवाड़ा को बेच दिए थे। इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजा राम को गिरफ्तार किया। गहन पूछताछ में उसने चोरी का माल सस्ते दामों में खरीदना स्वीकार किया, जिसकी निशानदेही पर चोरी किए गए सभी आभूषण बरामद कर लिए गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।



# हिंदू सम्मेलन के लिए पुर मंडल का पोस्टर विमोचन




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

हिंदू सम्मेलन पुर मंडल की योजना बैठक मंडी के बालाजी पुर में सम्पन्न हुई । मंडल प्रभारी श्रवण सेन एवं आयोजन समिति अध्यक्ष गोपाल लाल टेलर द्वारा आयोजन समिति की घोषणा की गई ।सम्मेलन को भव्य दिव्य बनाने को लेकर मातृ शक्ति शीला गंगवाल , सोनिया भारद्वाज, सीमा विश्नोई ने कलश यात्रा को सफल बनाने भजन मंडली मंदिर सम्पर्क पत्रक एवं पीले चावल देकर आमंत्रित करने आव्हान किया । भव्य कलश संकीर्तन यात्रा बड़े मंदिर से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गो से होकर भारद्वाज वाटिका में सम्मेलन का रूप लेगी ,जहां हिंदू समाज द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा संत आशीर्वचन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ दशम सेवा समिति द्वारा भव्य आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन होगा ।इसके निमित विभिन्न प्रकार की व्यवस्था टोली बनाकर कार्य विभाजन किया गया ।



QUICK BITES

## भीलवाड़ा विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत हूला-हूप प्रतियोगिता 8 फरवरी को, कल से निशुल्क प्रशिक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शहर विधायक अशोक कोठारी की अनूठी पहल 'खेलेंगे तो खिलेंगे' के समर्थन में, विधायक खेल विकास एवं प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत नन्हें खिलाड़ी शौर्य गुरनानी के जन्मदिवस के अवसर पर रविवार, 8 फरवरी को शास्त्री नगर गर्ल्स कॉलेज खेल मैदान में भव्य हूला-हूप रिंग घुमाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खेल विकास योजना की प्रशिक्षक एवं आयोजक सचिव मनीषा सोलंकी, कोमल शर्मा एवं पलक राजपूत ने बताया कि प्रतियोगिता में भीलवाड़ा शहर के सभी आयु वर्ग के छोटे से लेकर बड़े खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता का समय दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। प्रतिभागियों का पंजीकरण दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक प्रतियोगिता स्थल पर किया जाएगा। 2 से 3 बजे तक हूला-हूप का अभ्यास कराया जाएगा, जबकि 3 से 6 बजे तक प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस दौरान अभिभावकों एवं दर्शकों के लिए रस्साकसी एवं दौड़ प्रतियोगिता भी रखी गई है। विधायक खेल विकास योजना के संयोजक, शिक्षाविद् विवेक निमावत ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में मेडल, ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## श्रद्धेय मुनि आदित्य सागर ने किया राधाकृष्ण बस्ती विराट हिन्दू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

**1 फरवरी को होगा विराट हिन्दू सम्मेलन, निकलेगी केसरिया वाहन रैली व भव्य शोभा यात्रा**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




राधाकृष्ण बस्ती द्वारा आयोजित किए जा रहे विराट हिन्दू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन श्रद्धेय मुनि आदित्य सागर के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। आयोजन के सहसंयोजक अमित काबरा ने बताया कि कृषि उपज मंडी रोड स्थित जैन मंदिर परिसर में आचार्यों व मुनियों के सान्निध्य में तथा लगभग 500 से अधिक धर्मप्रेमी श्रावकों की गरिमामयी उपस्थिति में पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुनि आदित्य सागर ने अपने उद्बोधन में विराट हिन्दू सम्मेलन को सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और सनातन मूल्यों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, संस्कार और राष्ट्रभाव को मजबूती मिलती है।

तत्पश्चात राधाकृष्ण बस्ती आयोजन संयोजक गोपाल वैष्णव ने सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 1 फरवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन के अंतर्गत केसरिया वाहन रैली, भव्य शोभा यात्रा, हिन्दू महासभा एवं समरसता भोज का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से सहभागी बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में आयोजन समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश सेन, वैभव बिंदल, किरण सेठी, मनोज दाधीच, मनोहर अजमेरा, नरेंद्र टांक, किरण सेठी सहित सैकड़ों बाल कार्यकर्ता एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मंगलाचरण एवं आशीर्वचन के साथ हुआ।

# मोनी अमावस्या पर श्री बाणमाता शक्तिपीठ का दानपात्र खोला, 6.04 लाख रुपये की राशि प्राप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

गोवटा बांध स्थित श्री बाणमाता शक्तिपीठ पर माघ अमावस्या मोनी अमावस्या के अवसर पर रविवार को मंदिर विकास संस्थान की बैठक आयोजित की गई। बैठक अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुई, जिसमें मंदिर के विकास एवं नव-निर्माण कार्यों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान शक्तिपीठ का दानपात्र खोला गया, जिसमें कुल 6 लाख 4 हजार 452 रुपये की सहयोग राशि प्राप्त हुई।



अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि यह राशि मंदिर के विकास कार्यों में उपयोग की जाएगी।

बैठक में आगामी धार्मिक आयोजनों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। जानकारी दी गई कि 22 से 28 जनवरी तक श्री बाणमाता शक्तिपीठ पर कथावाचक प्रेम नारायण महाराज के मुखारविंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा आयोजन की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर संस्थान के कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, उपाध्यक्ष अमरनाथ योगी, महामंत्री अमित जोशी, व्यवस्थापक प्रमोद धाकड़, केशियर प्रदीप पोरवाल सहित बालू सिंह, मोहनलाल धाकड़, हजारीलाल खटीक, नरेश धाकड़, धर्मचंद जैन, घीसालाल धाकड़, धन्नालाल कुमावत, कैलाश धाकड़, लादूलाल कुमावत, हीरालाल धाकड़, छीतर सुथार, शंभू सिंह, मुकेश धाकड़, हेमराज कुमावत, लादू सिंह, घीसू सिंह, लादू गुर्जर सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# त्रिवेणी संगम पर विशाल निःशुल्क जांच-उपचार एवं परामर्श शिविर आयोजित

**स्व. विवेक धाकड़ के जन्मदिन पर परोपकार दिवस के रूप में दो दिवसीय आयोजन**





**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद**

मांडलगढ़ के पूर्व विधायक स्वर्गीय विवेक धाकड़ के जन्मदिन के अवसर पर विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा परोपकार दिवस के रूप में दो दिवसीय सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में रविवार को मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल त्रिवेणी संगम महादेव, बीगोद में विशाल निःशुल्क जांच-उपचार एवं चिकित्सा परामर्श शिविर संपन्न हुआ।

शिविर का शुभारंभ सुबह 10 बजे ट्रस्ट के संस्थापक एवं पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़, ट्रस्ट चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ सहित अतिथियों व ट्रस्टियों द्वारा स्व. विवेक धाकड़ की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। शिविर सिम्स हॉस्पिटल, गोमाबाई नेत्र चिकित्सालय एवं मानव सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

शिविर में कुल 738 रोगियों की निःशुल्क जांच एवं उपचार किया गया। इसके साथ ही 60 रोगियों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए तथा 45 मोतियाबिंद रोगियों को निःशुल्क ऑपरेशन हेतु गोमाबाई नेत्र चिकित्सालय भेजा गया। शिविर सायं 5 बजे तक चला, जिसमें रोगियों की भारी भीड़ रही।

चिकित्सा शिविर में सामान्य रोग, नेत्र रोग, अस्थि रोग, स्त्री रोग, मूत्र रोग, हृदय रोग, दंत रोग, त्वचा रोग, शिशु रोग के विशेषज्ञों के साथ-साथ फिजियोथेरेपिस्ट एवं आहार विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं।





इस अवसर पर उपप्रधान कैलाश धाकड़, ऊपरमाल किसान पंचायत अध्यक्ष नारायणलाल धाकड़, मांडलगढ़ नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन राजकुमार आचलिया, एडवोकेट राकेश वैष्णव, धाकड़ समाज पंचायत समाज के अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़, सामूहिक का सम्मेलन कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश धाकड़ , कांग्रेस महिला ब्लॉक मांडलगढ़ अध्यक्ष मीना सोनी ,थडोदा ग्राम पंचायत के प्रशासक राजेश धाकड़, योगेश सोनी बीगोद, आदर्श विद्यापीठ के सचिव रमेश धाकड़ ,जफर टांक पूर्व चेयरमैन नगरपालिका मांडलगढ,अल्का लढ्ढा पूर्व पार्षद , सत्यनारायण सालवी सालवी सोपुरा, गोपाल गुजर पंचायत समिति सदस्य , बंटी धाकड़ उप प्रधान मांडलगढ़, रामेस्वर धाकड़ पंचायत समिति सदस्य, पूर्व पंचायत समिति सदस्य घिसी लाल धाकड़, मांडलगढ,शम्बू लाल जाट अध्यक्ष किसान कांग्रेस ,नन्द लाल कुमावत ,संपत जाट, विनोद कंजर , पूर्व पंचयात समिति सदस्य रामपाल धाकड़ , लोकेंद्र सिंह, राजू सिंह पूर्व सरपंच बिकरण ,रामलाल भील श्री नगर, देवराज रायका, कांग्रेस कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष शिव कुमार रैगर, पंचायत समिति सदस्य मीना सोनी, रामेश्वर धाकड़, गोपाल गुजर , मांगीलाल धाकड़, सरपंच संग अध्यक्ष मोहन लाल धाकड़,सरपंच थड़ोदा राजेश कुमार धाकड़, सरथला सरपंच बर्मा लाल कंजर, श्यामगड़ सरपंच सूरजमल गुजर, विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट कोषाध्यक्ष मोहन लाल धाकड़, प्रदेश कांग्रेस सचिव भूपेंद्र सिंह,ट्रस्टी मदन लाल धाकड़, रमेश धाकड़, नागपाल बंजारा, अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा महिला जिला अध्यक्ष संजू देवी धाकड़, जिला अध्यक्ष रामपाल धाकड़, मोनू धाकड़, राष्ट्रीय महा मंत्री मुकेश धाकड़, मंत्री पप्पू लाल धाकड़,तह अध्यक्ष प्रेम चंद्र धाकड़, सामूहिक विवाह सम्मेलन कमेटी अध्यक्ष ओम प्रकाश धाकड़ , शिव पगारिया, पूर्व सरपंच भंवर लाल धाकड़,सम्पत्त जाट राजीव गांधी पंचायत राज समन्वयक , भोजराज धाकड़, देवराज रायका, रामेश्वर सैन,गोपाल मेघवाल, एड. अनिल कुमार धाकड़, रामफूल धाकड़, मनीष धाकड़, कन्हैयालाल रैगर, दुर्गेश धाकड़, दिनेश सोमानी, जय लाल रेबारी, विनोद कंजर, घीसु सोनी, राजेंद्र रैगर, सुगन लाल धाकड़ तिलस्वां ट्रस्ट सचिव मांगी लाल धाकड़ के साथ ही विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, कांग्रेस एवं धाकड़ समाज के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ट्रस्ट चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ ने बताया कि स्व. विवेक धाकड़ का जीवन जनसेवा, जनहित एवं सादगी का प्रतीक रहा। उनके जन्मदिन पर आयोजित सेवा कार्य उन्हीं के विचारों को समर्पित हैं, जिन्हें ट्रस्ट आगे भी निरंतर जारी रखेगा।

अंत में ट्रस्ट संस्थापक इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़, चेयरमैन दीपशिखा धाकड़, कोषाध्यक्ष मोहनलाल धाकड़ सहित सभी ट्रस्टियों ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले चिकित्सकों, संस्थाओं, अतिथियों एवं आमजन का आभार व्यक्त किया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com



# भव्य कलश यात्रा के साथ विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न





भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।

नगर में रविवार को सकल हिंदू समाज मंडल बीगोद एवं संघ जिला शाहपुरा के संयुक्त तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन से पूर्व सुबह 10 बजे मोजेश्वर महादेव मंदिर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा चमन चौराहा, सब्जी मंडी मार्ग, बस स्टैंड, अयोध्या मार्केट होते हुए बालिका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मार्ग से भैरूनाथ मंदिर परिसर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ महिलाएं, पुरुष और बच्चे नाचते-गाते चल रहे थे। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

शनिवार रात्रि को नगर के बस स्टैंड परिसर में हजारों महिला-पुरुषों की उपस्थिति में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने एवं रामलला की स्थापना की तीसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। महाप्रसादी में पत्तल-दोना का उपयोग कर कार्यक्रम को प्लास्टिक मुक्त रखा गया।

भैरूनाथ मंदिर परिसर में आयोजित सम्मेलन में हजारों लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर परम पूज्य ब्रह्मचारी श्री श्री गुरुजी गुलाबदास जी महाराज (उदयपुर माकड़ादेव धाम) ने हिंदू एकता पर जोर देते हुए कहा कि अपनी पवित्र मातृभूमि को पुनः विश्वगुरु बनाने के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने शांति पूर्वक संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। सम्मेलन को आनंद प्रताप सिंह (प्रांत महाविद्यालय कार्य प्रमुख, चित्तौड़गढ़ प्रांत) तथा विराट हिंदू सम्मेलन के अध्यक्ष माधव लाल कीर ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन राजीव सारस्वत ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जानकारी देते हुए बताया कि यह विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है तथा इसके संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे। आदर्श विद्या निकेतन के बालक-बालिकाओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत नाटिका प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह में राष्ट्रप्रेम का जज्बा जगाया। सम्मेलन के समापन पर महा प्रसादी का आयोजन हुआ। शोभायात्रा में कलश लेकर शामिल सभी महिलाओं को समाजसेवी देवीलाल नायक की ओर से साड़ियां भेंट की गईं।

कार्यक्रम के दौरान थानाधिकारी जय सुल्तान भारी पुलिस जाब्ते के साथ उपस्थित रहे।

अंत में आयोजन मंडल अध्यक्ष माधव लाल कीर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रक्त से बनी तस्वीर में उतरी श्रद्धा, स्व. विवेक धाकड़ को याद कर भावुक हुआ समाज

## सेवा, समर्पण और संवेदना का संगम: धाकड़ को मिला अनोखा सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**नरेश धाकड़**

पूर्व विधायक विवेक धाकड़ के जन्मदिन के अवसर पर त्रिवेणी संगम पर विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन समाजसेवा, जनकल्याण और मानवीय संवेदनाओं का जीवंत उदाहरण बना।



कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा युवा संगठन के जिला अध्यक्ष मोनू कुमार धाकड़ ने स्व. विवेक धाकड़ की स्मृति में अपने रक्त से निर्मित भावनात्मक चित्र भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह अनूठी भेंट पूर्व जिला प्रमुख कन्हैयालाल धाकड़ एवं विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा प्रदेश महिला इकाई की अध्यक्ष दीपशिखा धाकड़ को ससम्मान प्रदान की गई।

मोनू कुमार धाकड़ ने कहा कि वे स्व. विवेक धाकड़ के समाजसेवा, जनजागरण और रक्तक्रांति जैसे कार्यों से निरंतर प्रेरित रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्व. विवेक धाकड़ ने जिस सेवा, समर्पण और सामाजिक चेतना की परंपरा को आगे बढ़ाया, उसी मार्ग पर चलने का वे आजीवन संकल्प लेते हैं।

उन्होंने भावुक स्वर में कहा, 'जब तक जीवन रहेगा, तब तक स्व. विवेक धाकड़ के आदर्शों को आगे बढ़ाने का प्रयास करता रहूंगा।'

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, युवाओं और समाजजनों ने इस भावनात्मक श्रद्धांजलि की मुक्तकंठ से सराहना की और इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

# मोनी अमावस्या पर कोटड़ी श्याम में उमड़ा आस्था का सैलाब

## घंटों कतार में खड़े रहकर किए दर्शन, एक माह में 40 लाख से अधिक की भेंट

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

उपखण्ड मुख्यालय स्थित मेवाड़ के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल भगवान श्री चारभुजानाथ के दरबार में मोनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया, जो दोपहर तक आस्था के सैलाब में बदल गया। दूर-दराज से आए भक्तों ने लंबी पदयात्रा कर प्रभु के चरणों में शीश नवाया और स्वयं को धन्य महसूस किया।

प्रातःकाल मंत्रोच्चारण के साथ भगवान का दुग्धाभिषेक किया गया। इसके पश्चात स्वर्णाभूषणों से जड़ित आकर्षक पोशाक धारण कराई गई। भव्य महाआरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में घंटों प्रतीक्षा कर भगवान श्री चारभुजानाथ के दर्शन किए।

भारी भीड़ के चलते मंदिर परिसर व आसपास के बाजारों में पैदल चलना भी कठिन हो गया। हालांकि पुलिस प्रशासन की माकूल व्यवस्थाओं के कारण यातायात मार्गों पर जाम की स्थिति नहीं बनी। बाजारों में दिनभर जबरदस्त चहल-पहल और खरीदारी का माहौल रहा।



मंदिर परिसर में भजन कलाकारों द्वारा चारभुजानाथ, भोलेनाथ सहित देवी-देवताओं पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। वहीं मंदिर में रखे भेंट पात्रों को श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं की मौजूदगी में खोला गया। जैसे ही भेंट पात्र खुले, नोटों का ढेर देखकर परिसर जयकारों से गूंज उठा।

पेंशनर समाज के सदस्यों द्वारा की गई गणना में इस माह भेंट पात्र, रसीद एवं ऑनलाइन माध्यम से 40 लाख 72 हजार 921 रुपये की राशि प्राप्त हुई। साथ ही 1328 ग्राम 960 मिलीग्राम चांदी के आभूषण भी दर्ज किए गए।


शाम को संध्या आरती के दौरान भी मंदिर परिसर में इतनी भीड़ रही कि कई श्रद्धालुओं को बाहर खड़े होकर आरती करनी पड़ी। पूरे आयोजन के दौरान श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी, स्वयंसेवक और पुलिस प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा एवं व्यवस्थाओं में दिनभर जुटे रहे।

# वैश्य समाज ने किए जैन मुनि श्री 108 आदित्य सागर महाराज के दर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन एवं उसकी युवा शाखा, के संयुक्त तत्वावधान में वैश्य समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आर.के. कॉलोनी स्थित दिगंबर जैन मंदिर में विराजित जैन मुनि श्री 108 आदित्य सागर महाराज के पावन दर्शन किए तथा उनके श्रीमुख से प्रेरणादायी आशीर्वचन प्राप्त किए।

इस अवसर पर मुनि श्री ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन में ही समाज की वास्तविक शक्ति निहित होती है। उन्होंने वैश्य समाज को संगठित होकर सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



साथ ही उन्होंने कहा कि धन और शक्ति का उपयोग केवल व्यक्तिगत उन्नति तक सीमित न रहकर समाज सेवा और सामाजिक उत्थान से जुड़ना चाहिए, तभी समाज का सर्वांगीण विकास संभव है।

जिला प्रवक्ता मनीष बंब ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में मुनि श्री ने सभी उपस्थितजनों को मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए समाज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में संभागीय युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी, जिला महामंत्री ललित अग्रवाल, युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष ओ.पी. हिंगड़, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश पोरवाल, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन, जिला मंत्री अक्षय कोठारी सहित मितेश सोडाणी, राहुल सोमानी, हर्ष राठी, त्रिदेव मूंदड़ा, आशीष शाह, विशाल सेठी सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# सांवरिया सेठ के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

## स्वर्ण मुकुट और चांदी की पोशाक में निखरा ठाकुर जी का वैभव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





**(पंकज पोरवाल)** शहर के निकटवर्ती नोगांवा स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में रविवार को मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर आस्था का महाकुंभ उमड़ पड़ा। श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट के सानिध्य में आयोजित इस भव्य धार्मिक उत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। मौनी अमावस्या का आकर्षण ठाकुरजी का विशेष और दिव्य श्रृंगार रहा। ट्रस्ट मंत्री श्रवण सेन ने बताया कि अमावस्या के विशेष अवसर पर सांवरिया सेठ को सोने के झोल का भव्य मुकुट धारण कराया गया। साथ ही भगवान के अधरों पर स्वर्ण निर्मित बांसुरी सुशोभित की गई। ठाकुर जी को चांदी की विशेष पोशाक पहनाई गई, जिससे सांवरिया सेठ का स्वरूप अत्यंत मनमोहक और अलौकिक नजर आ रहा था। इस अद्भुत छवि को निहारने के लिए मंदिर में अलसुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। महोत्सव का विधिवत शुभारंभ ठाकुर जी के विशेष दुग्धाभिषेक के साथ हुआ। मनीष बहेड़िया एवं बालचंद काबरा ने सविधि मंत्रोच्चार के बीच सांवरिया सेठ का अभिषेक संपन्न कराया। शंख और घंटों की गूंज के बीच हुए इस अभिषेक से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अभिषेक के पश्चात मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सत्यम गुंजन भजन पार्टी के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। सांवरिया सेठ के दरबार में और जय श्री कृष्णा जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। समूचा पांडाल धर्ममयी वातावरण में सराबोर नजर आया। सचिव कैलाश डाड ने बताया कि अमावस्या को देखते हुए मंदिर परिसर को विशेष रोशनी और फूलों से सजाया गया था। भीड़ के सुचारू प्रबंधन के लिए ट्रस्ट द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दर्शन के पश्चात ट्रस्ट की ओर से सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद पाया।

# युवा खेलों में लगाएं ऊर्जा, तभी बनेगा नशामुक्त व स्वस्थ भारत : विधायक उदय लाल भड़ाना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



**(पंकज पोरवाल)** सुवाणा पंचायत समिति क्षेत्र के पालड़ी में महा-मुकाबला अभियान के तहत भगवान श्री बलराम पुरुष रस्साकशी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 9 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला गोविंदपुरा बुल्स व बॉर्डर-2 के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉर्डर-2 विजेता बनी, जबकि गोविंदपुरा बुल्स उपविजेता रही।

मुख्य अतिथि उदय लाल भड़ाना ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं को नशे से दूर रखकर अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवन की ओर ले जाते हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों को ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम में पालड़ी सरपंच गोपाल जाट, उपसरपंच गोपाल बैरवा सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन, सनातन संस्कृति व सामाजिक समरसता का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।



कस्बे में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया । सम्मेलन के तहत विशाल शोभायात्रा आम्बा की बावड़ी से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई बाग के बालाजी मंदिर परिसर पहुंची, जहां यह धर्मसभा में परिवर्तित हो गई पूरे गांव में धार्मिक उल्लास और उत्साह का वातावरण देखने को मिला

धर्मसभा में नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए गीता माहेश्वरी ने कहा कि मां परिवार के संस्कारों का केंद्र होती है और मजबूत संस्कारों से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है । मुख्य वक्ता गणेश प्रजापत ने सनातन संस्कृति की रक्षा का आह्वान करते हुए पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन की आवश्यकता पर जोर दिया संत शिरोमणि स्वामी हंस चैतन्य महाराज ने अपने उद्बोधन में सामाजिक समरसता पर विशेष बल दिया ,उन्होंने कहा कि जब भगवान ने किसी में भेद नहीं किया तो समाज में भेदभाव करने का हमें कोई अधिकार नहीं है ,भारत को आगे बढ़ाने के लिए समाज का संगठित होना आवश्यक है, तभी एक शक्तिशाली भारत का निर्माण हो सकेगा शोभायात्रा में मातृशक्ति पीले वस्त्र धारण कर मंगल कलश लेकर शामिल हुई घोड़ों पर झांसी की रानी, स्वामी विवेकानंद, महाराणा प्रताप एवं शिवाजी महाराज के स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहे इसके साथ ही तेजाजी की शोभायात्रा एवं विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकियां भी निकाली गई कार्यक्रम में नवरत्न लढ्ढा, महावीर माली, कालू मंत्री, लादू धाकड़, कानसिंह ओस्तवाल, सरपंच रामपाल बलाई, कैलाश वैष्णव, संपत सिंह, वंशप्रदीप सिंह, उमराव सिंह, सोहन वैष्णव, बुद्धराज, दिनेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं माताएं-बहनें उपस्थित रहीं कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र कुमार आचार्य ने किया

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।